# कलेक्टर ने लिया संज्ञान, कार्यवाही का दिया आश्वासन

**सहकारी संस्थाओं में वर्षो से जमे हैं अधिकारी-प्रबंधक**

**सिवनी नवभारत। सिवनी में म.प्र की स्थानान्तरण नीति पर सहकारिता विभाग अभी भी नही कर रहा अमल क्यों नहीं हो रहा है अमल यह तो प्रबंधक ही बता पाएंगे क्योंकि मध्य प्रदेश शासन की स्थानान्तरण नीति पर जिले के समस्त विभागो द्वारा अमल करते हुऐ स्थानान्तरण प्रक्रिया को अंजाम दे दिया गया है तथा जिले के लगभग सभी विभागो द्वारा कर्मचारियो तथा अधिकारियो की स्थानान्तरण सूचि भी जनमानस तक पहूच चुकी है किन्तु जिले का एक मात्र सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन की स्थानान्तरण नीति पर अमल करता हुआ दिखाई नही दे रहा है।**

इस मामले में नवभारत समाचार पत्र लगातार खबर प्रकाशित कर रहा है और संबंधित विभाग सहित जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ध्यान आकर्षित करते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर रहा था जिस पर जिला कलेक्टर ने गंभीर मामले को गंभीरता से लेते हुए हमारे संवाददाता को आश्वासन दिया क्योंकि इस समय जिससे मध्य प्रदेश सरकार की स्थानान्तरण नीति पर ही सहकारिता विभाग को लेकर प्रश्न चिन्ह खडे हो गये है और यह समझा जा रहा है की जिनके हाथो मे सहकारिता विभाग की कमान स्थानान्तरण को लेकर जुडी हुई है वे ही राजनैतिक पकड और पहंच के साथ मध्य प्रदेश शासन की स्थानान्तरण नीति को ठेगा दिखाते नजर आ रहे है

### वर्षो से एक ही शाखा में बरगद की तरह जमें हुऐ है अधिकारी ?

उल्लेखनीय है की जिले की सहकारी केन्द्रीय बैको मे शाखा प्रबंधक के पद पर अनेको वर्षो से बैक अधिकारी जमे हुऐ है जबकि बैक की पारदर्शिता के तहत रोटेशन नीति के तहत स्थानान्तरण की प्रक्रिया लागू होनी चाहिऐ किन्तु राजनैतिक पकड और ऊंची उडान के चलते महा प्रबंधक केके सोनी जिला सहकारी केन्द्रीय बैक सिवनी आज तक इस नीति पर अमल नही कर पाये अगर करे हैं तो






कर्मचारियों को जिससे प्रशासन को गुमराह किया गया है और यही कारण है की जिले की अनेको बैक शाखाओ मे शाखा प्रबंधक लगातार पांच से छै वर्षो से अगंद के पैर की तरह बैको मे जमे हुऐ है जबकि जिले की कुछ बैक शाखाओ के शाखा प्रबंधको की शिकायत जनमानस के द्वारा जिला कलेक्टर के दरबार तक भी पहूची है थी लेकिन पूर्व कलेक्टर का स्थानांतरण के चलते मामला तब गया था लेकिन जैसे ही वैसे तो जिला सहकारी बैक के अधीन विभिन्न समितिया भी आती है जिनका लेन देन बैक से होता है वही दूसरी तरफ सहकारिता के तहत हजारो की तादाद मे किसानो के बैक खाते जिला सहकारी बैक मे ही संचालित है इस द्रष्टि से जिला सहकारी बैक को किसानो की बैक की संज्ञान देने से इंकार नही किया जा सकता जबकि लगातार एक ही शाखा मे वर्षो से चिपके हुऐ शाखा प्रबंधको की कार्य प्रणाली के चलते समय पर बैक खातो से धान राशि के भुगतान के सम्बन्ध मे विरोध के स्वर भी उठते देखे गये है यह भी सुनने मे आया है की वर्षो से शाखा प्रबंधक के पद पर बने हुऐ शाखा प्रबंधक राजनैतिक पकड और दबाव के चलते एक ही बैक मे जमे रहना चाहते है और हटना नही चाह रहे है जिसका सबसे बडा प्रमाण सामने है की पांच से छै वर्षो से एक ही शाखा मे चिपके शाखा प्रबंधको को रोटेशन नीति के तहत स्थानान्तरित करने मे महाप्रबंधक जिला सहकारी बैक को पसीना छूटता नजर आ रहा है जबकि नाम न प्रकाशित करने की बात पर यह बात भी सामने आई है अनेको वर्षो से एक शाखा मे पदस्थ शाखा प्रबंधक समिति प्रबंधको के लिये भी मुसीबत बने हुऐ है और यह भी चुनौती दे रहे की हमारी जब मर्जी होगी तभी हमे बैक शाखा से स्थानान्तरित किया जा सकता है लेकिन प्रबंधनक द्वारा जिला कलेक्टर को गुमराह कर जिला कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कभी किया ही नहीं यहा यह भी उल्लेखनीय है की सहकारी संस्थाओ मे लम्बे समय से संचालक बोर्ड के चुनाव सम्पन्न नही हुऐ है ऐसी स्थिति मे सहकारिता की कमान प्रशासक के तौर जिला कलेक्टर के हाथो मे ऐसी स्थिति मे भी जिले की संवेदन जिला कलेक्टर के प्रशासक रहते हुऐ मध्य प्रदेश सरकार की स्थानान्तरण नीति के तहत सहकारिता विभाग मे रोटेशन नीति पर अमल नही हो पा रहा है जबकि अन्य विभागो मे प्रभारी मन्त्री की अनुशंसा के साथ स्थानान्तरण नीति पर अमल हुआ है वही दूसरी तरफ सहकारिता विभाग अथवा जिला सहकारी बैक मे महा प्रबंधक के हाथो मे सबकुछ होते हुऐ तथा संवेदन शील जिला कलेक्टर के प्रशासक रहते नीति पर अमल क्यो नही संवेदन शील जिला कलेक्टर क्या जनहित तथा किसानो से जुडी सहकारी नीति पर ध्यान दे कार्रवाई करेगी जनहित तथा किसानों की समस्या दूर हो सकती है अब इस मामले में जिला कलेक्टर पर निगाहें टिकी हुई है अब देखना होगा कि इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।



**इनका कहना है**

मेरे पास अभी ऐसी कोई जानकारी नहीं है इस मामले में पहले में जानकारी उपलब्ध कराती हूं ऐसा है तो यह गंभीर विषय है क्योंकि एक ही बैंक शाखा में शाखा प्रबंधक 5 से 6 वर्ष से पदस्थ नहीं रह सकते हैं और शासन स्तर की प्रक्रिया के अनुसार अगर मेरे स्तर में जो कार्रवाई की जा सकेगी की जाएगी

**नेहा मीणा कलेक्टर सिवनी**

# हर घर तक गुणवत्तायुक्त पेयजल पहुंचाना शासन की प्राथमिकता : सांसद कुलस्ते

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित**

**सिवनी नवभारत।** जिले में पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने की।

बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, डीएफओ श्री महेंद्र सिंह उइके, डीएफओ श्री गौरव मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित एकल नल जल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत 752 एकल नल जल योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा लक्षित शत-प्रतिशत परिवारों तक नल के माध्यम से गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

समीक्षा के दौरान बंडोल, झुरकी, सिद्धघाट, संगमघाट एवं पायली समूह नल जल योजनाओं की प्रगति तथा योजना में शामिल ग्रामों में जलापूर्ति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने पायली एवं संगमघाट समूह नल जल योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। लक्ष्यानुरूप प्राप्त आवेदनों एवं स्वीकृतियों की जानकारी लेते हुए जनप्रतिनिधियों ने ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## एक नजर में



### चातुर्मास के लिए किया निवेदन

लखनादौन। सन्मार्ग दिवाकर श्रीमद् आचार्य देव श्री 108 विद्यासागरजी महामुनिराज, विद्या कुल शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज के परम् प्रभावक आज्ञानुवर्ती शिष्य सिवनी में विराजमान परम पूज्य मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज जी ससंघ के दर्शन कर पूज्य गुरुदेव के श्री चरणों में लखनादौन चातुर्मास हेतु श्री फल अर्पित किया व आशीर्वाद प्राप्त किया जैन पंचायत महासभा के अध्यक्ष श्री विजय जैन जी के नेतृत्व में एवं समाज के वरिष्ठ श्री देवेन्द्र चौधरी जी के साथ समस्त जैन पंचायत महासभा लखनादौन. ने सिवनी में विराजमान पूज्य गुरुदेव के समक्ष जैन पंचायत महासभा लखनादौन को दीप प्रज्वलन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ व पूज्य गुरुदेव को शास्त्र भेट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### शाला त्यागी बच्चों को बता रहे शिक्षा का महत्व

कान्हीवाड़ा। शाला त्यागी बच्चों को विघालय मे प्रवेश दिलाने में सहयोग कर रहे समाज सेवी मुकेश सेन घंसौर क्षेत्र के ग्रामों में मुकेश सेन अध्यक्ष देवरस सेवा संस्थान के द्वारा बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है एवं शिक्षा का महत्व बताया जा रहा है एवं साला त्यागी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलवाने मे भी सहीयोग किया जा रहा है एवं कुछ विद्यार्थी बच्चे जिनके डॉक्यूमेंट कंप्लीट नहीं है आधार कार्ड समग्र आईडी जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र इन सभी प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए भी संस्थान के अध्यक्ष द्वारा सहयोग किया जा रहा है।



### जमीनी विवाद में चली कुल्हाड़ी, पिता पुत्र घायल

छपारा। सिवनी जिले के छपारा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पौड़ी की हैं जहां सीमांकन के लिए पहुंचे राजस्व अमले के द्वारा सीमांकन करने पर दो परिवारों के बीच विवाद उत्पन हो गया जिसमें अंकित चौकसे और उनके पिता शिवराम चौकसे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिस पर अंकित चौकसे और उनके पिता शिवराम चौकसे घायल हो गए पुलिस को सूचना मिलने पर 112 पहुंची और घायलों को सिवनी रिफर कर दिया।



# पहली ही बारिश में मुंगवानी रोड जलमग्न,घरों में घुसा पानी

**सिवनी नवभारत।** मानसून की पहली तेज बारिश ने ही शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मुंगवानी रोड स्थित राजपूत मंगल भवन के सामने जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी आसपास के कई घरों में घुस गया। घरों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रहवासियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति निर्मित होती है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

स्थानीय निवासी वेंकटेश सोनकेशरिया ने बताया कि पहली ही बारिश में उनके घर में पानी भर गया। अचानक घर में पानी घुसने से परिवार को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल बरसात के दौरान लोगों को इसी समस्या का सामना करना पड़ता है। वेंकटेश सोनकेशरिया ने आरोप लगाया कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका अधिकारियों से संपर्क किया गया। लिखित एवं मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन हर बार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। क्षेत्र के अन्य रहवासियों ने भी बताया कि बारिश का पानी घरों में घुसने से दैनिक जीवन प्रभावित हो गया। लोगों को घरों से पानी निकालने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आगामी बारिश में स्थिति और गंभीर हो सकती है। रहवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि मुंगवानी रोड क्षेत्र का तत्काल निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता एवं श्रद्धा के साथ संपन्न


**सिवनी नवभारत।** ऑरेंज सिटी कॉलोनी, गुरुकुल स्कूल के सामने स्थित नव निर्मित श्री श्याम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम बाबा एवं भगवान शिव परिवार के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 जून से 17 जून 2026 तक चले इस धार्मिक आयोजन में सिवनी सहित नागपुर, जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा तथा आसपास के अनेक जिलों एवं ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धर्म लाभ अर्जित किया।

महोत्सव के प्रथम दिवस विभिन्न वैदिक अनुष्ठानों, गणेश-गौरी पूजन, जलाधिवास, सुगंधाधिवास, हवन-पूजन एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संध्या बेला में भव्य शृंगार, दिव्य दरबार एवं भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

द्वितीय दिवस अन्नाधिवास, फलाधिवास, हवन-पूजन एवं अन्य वैदिक विधानों के साथ भव्य कलश यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राम मंदिर शुक्रवारी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री श्याम मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने कलश धारण किए तथा श्याम भक्तों ने निशान लेकर बाबा का गुणगान किया। आकर्षक झांकियों, बैंड-बाजों एवं डीजे के साथ निकली यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

महोत्सव के अंतिम दिवस 17 जून को प्रात:काल महाभिषेक, वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ-हवन के बीच शुभ मुहूर्त दोपहर 12-15 बजे श्री खाटू श्याम बाबा एवं शिव परिवार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। नागपुर के सुप्रसिद्ध वैदिक आचार्य पंडित श्री अजय जोशी जी के सान्निध्य में सम्पन्न इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिव्य दर्शन किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। तीनों दिनों तक मंदिर परिसर भक्तों की भारी उपस्थिति से गुलजार रहा। भजन संध्याओं में विभिन्न ख्याति प्राप्त भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा।



महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में प्रस्तावित भव्य श्याम तोरण द्वार का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिवनी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री दिनेश राय 'मुनमुन' जी ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। विधायक श्री राय ने अपने संबोधन में कहा कि श्री श्याम मंदिर सिवनी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करेगा।

श्री श्याम परिवार समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में अभी शिव मंदिर के गुंबज, रानी सती दादी, राधा-कृष्ण, सालासर बालाजी मंदिर, धर्मशाला, सत्संग हॉल, भोजन कक्ष एवं गौशाला सहित अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं, जिनके लिए भक्तों का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है।

समिति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं, यजमानों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सेवा में जुटे स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री श्याम बाबा की कृपा से यह मंदिर आने वाले समय में समूचे महाकौशल एवं विदर्भ क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# नवागत सीएमएचओ डॉ. पंकज दुबे ने संभाला पदभार

**सिवनी नवभारत।** जिले के नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. पंकज दुबे ने गुरुवार को सिवनी पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें जिला चिकित्सालय के सामने स्थित रूद्रावतार हनुमान मंदिर ले जाया गया, जहां उन्होंने हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगति, जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के पश्चात डॉ. दुबे जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर एवं आरएमओ डॉ. पी. सूर्या से सौजन्य भेंट कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली।



**मांग** | जनसुनवाई कुरई पहुंचे दर्जनों अभिभावक, सौंपा ज्ञापन, छपारा ब्लाक के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गोरखपुर का मामला

# भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का हो मेडिकल टेस्ट : पालक शिक्षक संघ

**छपारा नवभारत।** सिवनी कलेक्टर के द्वारा एक नया नवाचार करते हुए हर ब्लॉक मुख्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जा रही हैं इसी तारतम्य में लगभग 100 किलोमीटर की दूरी से छपारा ब्लॉक मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गोरखपुर के दर्जनों अभिभावकों ने जिला कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी पीड़ा आवेदन के माध्यम से बताते हुए छात्रावास प्रबंधन की झूठी शिकायत करने और भूख हड़ताल पर बैठने वालों की मेडिकल टेस्ट और पूरे मामले की सूक्ष्म तरीके से जांच किए जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पूरा मामला छपारा ब्लाक मुख्यालय के आदिवासी अंचल गोरखपुर ग्राम का है जहां कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के छात्रावास प्रबंधन को हटाए जाने को लेकर कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा पिछले कुछ दिनों से भूख हड़ताल गोरखपुर ग्राम में ही ग्राम प्रारंभ कर दी गई है। लेकिन इस पूरे मामले का दूसरा पहलू यह है कि जो लोग भूख हड़ताल में बैठे हैं उनके कोई भी बच्चियों उक्त छात्रावास में ना तो अध्यनरत है और ना ही आवासरत हैं।



### भूख हड़ताल पर बैठकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास

मंगलवार जनसुनवाई कुरई में पहुंचे दर्जनों की संख्या में अभिभावकों ने अपने आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया है कि ग्राम के बाहर के कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा जिनका छात्रावास की बच्चियों अथवा उनके अभिभावकों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है वे लगातार छात्रावास प्रबंधन के विरुद्ध झूठी शिकायत पिछले कई सालों से कर रहे हैं। इतना ही नहीं अब वे लोग प्रशासन को गुमराह करते हुए छात्रावास प्रबंधन को हटाए जाने को लेकर भूख हड़ताल में पिछले कुछ दिनों से बैठे हुए हैं। जबकि वस्तु स्थिति यह है कि हम समस्त हस्ताक्षरकर्ता पालक शिक्षक संघ और समस्त अभिभावकों को किसी भी प्रकार की छात्रावास प्रबंधन से कोई भी शिकायत नहीं है।

### 2018 में 34 छात्रों का स्कूल से किया गया था अपहरण

कुरई में पहुंचे समस्त अभिभावकों ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि सन 2018 में इन्हीं असमाजिक तत्वों के द्वारा 2018 में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की 34 छात्राओं को विद्यालय से जबरन बहला फुसलाकर कर एवं दबाव पूर्वक एक बस में बैठकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया था। उस समय भी उक्त छात्रावास के प्रबंधन के द्वारा तत्काल पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को इस मामले में सूचना देकर इस घटना की विस्तृत जानकारी दी गई थी जिसके बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा समस्त 34 छात्राओं को सुरक्षित बरामद किया था। कुरई में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे दर्जनों अभिभावकों का मीडिया के सामने प्रत्यक्ष रूप से कहना यह हुआ कि आखिर बाहरी लोग गोरखपुर ग्राम में पहुंचकर प्रशासन के ऊपर अनैतिक रूप से दबाव क्यों बना रहे हैं। जबकि जो लोग भूख हड़ताल में बैठे हैं उनकी बच्चियों किसी भी रूप से छात्रावास में अध्यनरत नहीं है। मीडिया के सामने दर्जनों की संख्या में अभिभावकों ने स्पष्ट रूप से यह कहा कि हम समस्त हस्ताक्षर करता और उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार से कस्तूरबा गांधी गोरखपुर के छात्रावास प्रबंधन से कोई शिकायत नहीं और उन्होंने यहां तक बताया कि हमारी बच्चियों के द्वारा आज तक हमें किसी भी प्रकार की छात्रावास के संबंध में कोई शिकायत नहीं बताई गई है।

अभिभावकों ने मीडिया के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट रूप से यह कहा कि बाहरी लोगों के द्वारा बेवजह छात्रावास प्रबंधन और छात्राओं के शिक्षण कार्य पर रोक-टोक लगाई जा रही है। भूख हड़ताल में बैठे उक्त लोगों की कोई भी बच्चियों छात्रावास में ना तो आवास रात हैं और ना ही अध्यनरत है।

### 100 किमी जनसुनवाई में पहुंचा पालक शिक्षक संघ

मंगलवार को कुरई ब्लॉक मुख्यालय में जिला कलेक्टर के द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई थी जहां एक अनोखा मामला मीडिया के सामने आया। जी हां दरअसल लगभग 100 किलोमीटर दूर छपारा ब्लॉक मुख्यालय गोरखपुर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास से आए हुए दर्जनों अभिभावकों ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौप कर अपनी वेदना दर्ज कराई है। दर्जनों की संख्या में आए हुए अभिभावकों का आवेदन में स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास प्रबंधन से ना तो छात्रावास में रह रही बच्चियों को कोई शिकायत है और ना ही हम सभी अभिभावकों को कोई शिकायत नहीं हैं। बेवजह बाहरी लोगों के द्वारा छात्रावास प्रबंधन और छात्रावास में रह रही आवासीय छात्राओं के अध्यापन करने पर रोक-टोक लगाई जा रही है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**विधायक ने दिशा की बैठक में की सहभागिता**

**सिवनी नवभारत।** गुरूवार को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दिशा की बैठक में सहभागिता की। ग्राम बींझावाड़ा, सिवनी स्थित जिला पंचायत सभाकक्ष में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में आयोजित जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक में विधायक दिनेश राय मुनमुन शामिल हुए।

बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर बालाघाट-सिवनी सांसद भारती पारधी, विधायक कमल मर्सकोले, जिला कलेक्टर नेहा मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के प्रथम नगर आगमन पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बारापत्थर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया

### शिविर 22 से 26 जून तक

सिवनी। जिले के चयनित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वर्ष 2025 में आयोजित मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविरों में जिले के 916 वरिष्ठजनों का चयन किया गया था। 22 जून को स्मृति लॉन, बारापत्थर में जिला स्तरीय शिविर आयोजित होगा। इसी तरह 23 जून को केवलारी, 24 जून को घंसौर, 25 जून को लखनादौन तथा 26 जून को बरघाट जनपद पंचायत में शिविर प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण एवं सम्बधित व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय-संस्था अथवा जिस किसी से भी सम्बंध हो इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा धनराज सिंह मर्सकोले निवासी सिवनी को श्रीमति संगीता पति धनराज सिंह मर्सकोले की बांके मौजा बबरिया, प.ह.न. 105/10, रा.नि.मं. बबरिया तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि खसरा नं. 12/2/1/1/4 रकबा 1020 वर्गफुट, को ऋण प्रदान कर उक्त सम्पत्ति का बंधक रखा जाना है। उक्त संपत्ति का पूर्व मूल विक्रय पत्र दिनांक 28/03/2023, अन्यत्र कहीं गुम हो गया है जिसमें मयंक वच्छानी व अन्य के द्वारा भूमि खसरा नं. 12/2/1/1 में से 1020 वर्गफिट भूमि सुधीर तिवारी पिता गुरूदयाल तिवारी निवासी बारापत्थर, तह. व जिला सिवनी, को विक्रय करने का उल्लेख है, जिसका ई- पंजीयन क. MP368082023A11660587 है, यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी को इस सम्बध में कोई आपत्ति हो अथवा उनके द्वारा इस सम्पत्ति को बंधक अथवा रहन रखा गया हो तो वे इस प्रकाशन के प्रकाशित होने से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजो के लिखित आपत्ति निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है बाद में की गयी आपत्ति मान्य नही होगी।

स्थान- छिन्दवाड़ा
दिनांक- 17/06/2026

भवदीय
अलकेश नेमा अधिवक्ता
कार्यालय- अभिमन्यु होटल के पास
नरसिंहपुर रोड, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
मो.नं. 8989490660, 7987088225